भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4817

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

चंदौली में ट्रॉमा सेंटर की स्थापना

4817. श्री वीरेन्द्र सिंहः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या भारत भर के सरकारी अस्पतालों और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) में चिकित्सकों और चिकित्सा उपकरणों की भारी कमी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या उक्त जिले के सभी अस्पतालों में योग्य चिकित्सकों और चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कोई विशेष योजना बनाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उक्त जिले में ट्रॉमा सेंटर बनाने पर विचार कर रही है क्योंकि यह जिला बिहार सीमा से सटा हुआ है और ट्रॉमा सेंटर के अभाव में किसी दुर्घटना की स्थिति में अक्सर लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ जाती है; और

(घ) यदि हां, तो इसके लिए क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य और अस्पताल राज्य विषय होने के कारण, आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य सुविधाकेंद्रों की योजना बनाने, उन्हें लागू करने, बनाए रखने और स्थापित करने का प्राथमिक उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकार का है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना में प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर उनके संसाधनों के दायरे में उनकी स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान की जाती है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को स्वास्थ्य संबंधी जनशक्ति (एचआरएच) सहित जन स्वास्थ्य सुविधाकेंद्रों को सुदृढ़ करने में सहायता प्रदान करने के लिए भारतीय जन स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस) बनाए गए हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, जिला संयुक्त अस्पताल, चकिया चंदौली में डॉक्टरों की तैनाती का विवरण निम्नानुसार है: -

स्वीकृत	सक्रिय			कुल कार्यशील
	नियमित	**पुनर्नियुक्ति**	**एनएचएम**	
28	17	01	05	23

इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश राज्य सरकार ने सूचित किया है कि उपकरण सीएचसी और पीएचसी में मानकों के अनुसार उपलब्ध हैं और सभी प्रकार के परीक्षण उपलब्ध हैं। चंदौली में सीएचसी और पीएचसी में डॉक्टरों की तैनाती का विवरण: -

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र		
इकाइयों की संख्या	**डॉक्टरों की संख्या**	**रिक्त पद**
05	32	शून्य

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र		
इकाइयों की संख्या	**डॉक्टरों की संख्या**	**रिक्त पद**
30	34	शून्य

(ग) और (घ): आपात स्थितियाँ, दुर्घटना और ट्रामा भारत में स्वास्थ्य परिचर्या प्रणाली संबंधी प्रमुख समस्याएं हैं। जिला अस्पताल आईपीएचएस मानकों के अनुरूप जिला अस्पताल के अनिवार्य घटकों के रूप में समर्पित ट्रॉमा परिचर्या सेवाएँ (एक समर्पित ट्रॉमा आईसीयू सहित) प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जिला अस्पतालों तक स्वास्थ्य अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करता है। राज्य सरकारों के पास अपनी वार्षिक एनएचएम कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) में विशिष्ट उन्नयन (जैसे ट्रॉमा वार्ड, आपातकालीन विभाग, या संबंधित उपकरणों का विस्तार) करने का प्रस्ताव करने का विकल्प होता है।

उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, डॉक्टरों की नियुक्ति/पोस्टिंग एक सतत प्रक्रिया है। इसके अतिरिक्त, चंदौली जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मानक के अनुसार उपकरण उपलब्ध हैं। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा चयन के बाद विभिन्न सरकारी आदेशों के माध्यम से 1031 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है।

*****